5 हजार करोड़ लागत, 24 महीने में तैयार... यूपी को मिलेगा पहला डेटा सेंटर पार्क, ग्रेटर नोएडा में तैयार

उत्तर प्रदेश का पहला डेटा सेंटर पार्क (Uttar Pradesh First Data Centre Park) ग्रेटर नोएडा में बनकर तैयार हो गया है. इसको बनाने में 5 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है. यह सिर्फ 24 महीने में तैयार कर लिया गया. अगले महीने पीएम नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन कर सकते हैं.

UP का पहला डेटा सेंटर पार्क ग्रेटर नोएडा में तैयार

उत्तर प्रदेश में 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से बना पहला डेटा सेंटर पार्क शुरू होने के लिए तैयार है. हीरानंदानी समूह द्वारा विकसित करीब 03 लाख स्वायर फीट परिसर में फैले इस डेटा सेंटर पार्क को महज 24 महीने में तैयार कर लिया गया है. स्वतंत्रता दिवस के बाद होने जा रहे इस डेटा सेंटर पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने की संभावना है.